Title: Requests to bring a bill on the statehood of Uttaranchal.

*mo1

श्री बची सिंह रावत ठबचदा' (अल्मोडा) : माननीय सभापति जी, उत्तराचल राज्य के निर्माण की विधेयक इसी सत्र में लाये जाने के लिए मैं अनुरोध कर रहा हूँ लेकिन बीच में जो अपनी पहचान,संस्कृति आदि के आधार पर हमारे सहयोगी दल की ओर से विषय उठाये गये है, उस सम्बन्ध में मेरा सरकार से विन्रम निवेदन है कि तत्काल इस समस्या का हल निकालने के लिए उपाय किये जायें । जहां तक उस क्षेत्र की बात है तो वहां से चारो सांसद भारतीय जनता पार्टी के सांसद जीतकर आये है और घोषणा पत्र के अनुसार पूरा मतदान उसके पक्ष में हुआ है ।

अभी एम.एल.सी. के इलैक्शन हुए थे । उसमें भी सारे मत वही पडे थे । इसके समाधान के लिए वहां के चुने हुए प्रतिनिधियों को भी बुलाए और हमारे अन्य जो सहयोगी दल है, जिनके मन में कुछ शंकाए है, उनका निवारण करने के लिए दोनो पक्षो को साथ बिठाया जाए ।

...(व्यवधान)

श्री चन्द्रशेखर साहू :आप हमको बोलने का चांस नही देते ।

सभापति महोदय : यदि इस तरह से हल्ला करेगे तो आज भी चांस नही मिलेगा।

श्री चन्द्रशेखर साहू : मत दीजजिए, हम चले जाते है ।

सभापति महोदय : हम सबको बुला रहे है, आप इस तरह से हल्ला क्यो कर रहे है।

...(व्यवधान)

श्री बची सिंह रावत ठबचदा' : इसके समाधान के लिए दोनों पक्षों को साथ बिठाया जाए। तथ्यों की पूरी जांच-पड़ताल की जाए अन्यथा इसके राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़े दुष्परिणाम हो सकते हैं क्योंकि आज के अखबार जनसत्ता में इसके बारे में विस्तार से रिपोर्ट छपी है कि फिरोजपुर, पठानकोट, चंडीगढ़, अबोहर हिन्दी बाहूल्य क्षेत्र हैं, वहां पंजाबी भाषा और रहन-सहन नहीं है। कल वे भी मांग उठा सकते हैं कि हम राजस्थान में जाएंगे और तमाम चीजें आएंगी। मेरा विनम्र अनुरोध है कि इस संबंध में सारे प्रतिनिधियों को आपस में बिठाकर तथ्यों की जांच-पड़ताल करके कार्य किया जाए।

... (व्यवधान)

">

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : अभी इन्होंने कहा है कि पार्लियामैंट के मैम्बर चुने गए, जिला परिषद के लोग चुने गए, उसी को रायशुमारी मान लिया जाए। इस प्वाइंट पर इलैक्शन नहीं हुए थे। मैं भी उनकी सपोर्ट में जाकर आया था। ... (व्यवधान)

सभापति महहोदय : इसके बारे मे आपको सोचने की जरूरत नही है । इन्होने सरकार से इसका हल सोचने के लिए कहा है, आप क्यो परेशान है । आप बैठिए ।

...(व्यवधान)

">

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूरी,एवीएसएम : सभापति जी, जो रायशुमारी का मामला उठाया गया है, यह बहुत गलत है । यदि हम जिला स्तर पर, तहसील स्तर पर रायशुमारी करने लगेगे कि कौन सी तहसील कहां जाएगी तो भारतवर्ष में अराजकता फैल जाएगी । यह उचित नही है । मेरा निवेदन है कि आप इसे इसमें न रखें ।

...(व्यवधान)

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजराः लेकिन पंजाब और हरियाणा में एक-एक गांव के खिलाफ रायशुमारी हुई थी ।

....(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बैठिये । जीरो आवर में जो भी मामले उठाए जाते है यदि अनपार्लियामैंट शब्द होते है तो कहा जाता है कि विदड़। करें, यदि एक्सचेंज करना हो तो कर देते है। बाकी जो भी कहा जाता है, उसका हल ढूढने के लेए सरकार से कहा जाता है, दूसरो को इससे आपत्ति नही होनी चाहिए। इससे सदन का समय बर्बाद होता है ।